7

**पटना जिलान्तर्गत पटना में दशरथ माँझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में असैनिक का अवशेष कार्य, इंटेरियर एवं जिमनेजियम के लिए उपकरण आपूर्ति का कार्य हेतु दिनांक 21.03.2018 को प्राप्त ई0-निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 18.04.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

1. श्री साकेत कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. श्री लक्ष्मी नारायण दास, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
3. श्री रवि शंकर चौधरी, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
4. श्री राम सागर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
5. श्री तपेश्वर प्र0 साह, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
6. श्री रंजित प्र0 सिंह, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य

<u>कार्यवाही:-</u>

1.योजना का नाम:-पटना जिलान्तर्गत पटना में दशरथ माँझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में असैनिक का अवशेष कार्य, इंटेरियर एवं जिमनेजियम के लिए उपकरण आपूर्ति का कार्य।

2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (संस्थान एवं ऑडिटोरियम के लिए) :- ₹35.79 करोड़

3.पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि (इस निविदा के कार्यो सहित समेकित):- ₹3353.61 लाख

4.परिमाण विपत्र की राशि:- ₹2,94,61,298/-

5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:- 21.03.2018

6.निविदा खोलने की तिथि:- 23.03.2018

7.निविदा प्रसारण का माध्यम:- ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि
एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:- प्रभात खबर, दिनांक 25.02.18

9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:- 14275 (Ni.Ni) 2017-18

10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-

(i) मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार।

(ii) अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेल नगर, पटना, बिहार।

11. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-</u> दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के लिए श्रम संशाधन विभाग के पत्रांक 2831 दिनांक 08.09.2015 द्वारा कुल ₹35.79 करोड़ (फर्निचर के लिए प्रावधानित राशि ₹2,40,25,189.00 सहित) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसके विरुद्ध दो कार्यो (i) Dashrath Manjhi Institute of Labour and Employment Studies at Patna एवं (ii) Construction of Auditorium at Dashrath Manjhi Institute of Labour and Employment Studies at Patna के लिए क्रमशः ₹21,73,20,000/- एवं ₹11,22,80,000/- मात्र का मूल तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए निविदा निष्पादनोपरांत दो अलग-अलग एकरारनामा क्रमशः (i) 06SBD/15-16 (₹19,04,39,518/-) एवं (ii) 15SBD/16-17 (₹9,30,97,761/-) किया गया था।

क्रमांक-(a) संस्थान भवन के कार्यान्वयन के दौरान विभागीय एवं प्रशासी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कुछ अतिरिक्त आवश्यक मदों यथा Elevation में HPL Cladding, Ramp एवं Courtyard में Polycarbonate sheets, A.C.P. Cladding तथा फर्नीचर एवं अन्य कार्य हेतु निदेश दिया गया जिसके लिए अतिरिक्त मदों के लिए कुल ₹2,94,61,315/- का प्राक्कलन गठन कर संस्थान भवन के प्राक्कलन में सम्मिलित करते हुए कुल ₹22,89,66,000/- का पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी । साथ ही योजना क्रमांक (b) पर अंकित ऑडिटोरियम कार्य के लिए ₹10,63,95,000/- मात्र का पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस प्रकार उक्त दोनों कार्यो के लिए (₹22,89,66,000 + ₹10,63,95,000) = ₹33,53,61,000/- मात्र का समेकित पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है जो कि उक्त दोनों कार्यो के लिए प्राप्त समेकित प्रशासनिक स्वीकृति ₹35.79 करोड़ के अंतर्गत है।

ज्ञातव्य हो कि संस्थान भवन के लिए उक्त अतिरिक्त आवश्यक मदों के लिए दिये गये निदेश के आलोक में संशोधित वास्तुविदीय नक्शा तैयार कर निगम के पत्रांक 1538(अनु0) दिनांक 01.06.2017 द्वारा प्रशासी विभाग को अनुमोदन हेतु भेजा गया था, जिसे प्रशासी विभाग द्वारा अनुमोदनोपरांत पत्रांक 3255 दिनांक 14.06.2017 के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

निगम के पत्रांक 2747 दिनांक, 30.08.2017 द्वारा पूर्व में प्राप्त ₹22.00 करोड़ आवंटन के अतिरिक्त ₹10.00 करोड़ की अधियाचना की गयी थी। प्रशासी विभाग द्वारा पत्रांक 6143 दिनांक 31.10.2017 से उक्त निर्माण कार्य को पूर्ण कराने हेतु एकरानामा एवं उसमें सन्निहित राशि के संबंध में पृच्छा की गयी। जिसके प्रत्युत्तर में निगम के पत्रांक 3355 दिनांक 13.11.2017 द्वारा उक्त प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन कार्यान्वित दो एकरारनामा (i) संस्थान भवन एवं (ii) ऑडिटोरियम के अलावे विषयांकित योजना में अतिरिक्त मदों पर होने वाले संभावित व्यय ₹2.80 करोड़ की सूचना प्रशासी विभाग को भेजी गयी जिसके फलस्वरुप प्रशासी विभाग द्वारा कुल ₹33,53,61,000 मात्र का समेकित पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति के विरुद्ध (₹22.00 करोड़ + ₹10.00 करोड़) कुल ₹32.00 करोड़ मात्र का आवंटन उपलब्घ कराया जा चुका है।

संस्थान भवन का मूल एकरारनामा का कार्यावधि दिनांक 17.08.2016 को समाप्त हो चुकी है, जबकि प्रशासी विभाग द्वारा अतिरिक्त कार्यो के कराने हेतु संशोधित वास्तुविदीय नक्शा की स्वीकृति दिनांक 14.06.2017 को प्रदान की गयी है। अतएव पूरक एकरारनामा नहीं किया गया तथा निविदा आमंत्रित की गयी है।

12. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u>:-

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति(वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में दो निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया। जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो इस प्रकार है:-

प्रथम निविदादाता मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेल नगर, पटना, बिहार के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

13. <u>निगम निविदा समिति का निर्णय</u>:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 09.04.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा में भाग लिये दोनों निविदादाताओं (1) मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार एवं (2) अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेल नगर, पटना, बिहार को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 27.04.2017 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में दानों सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे।

14. समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि योजना की प्राप्त समेकित प्रशासनिक स्वीकृति ₹35.79 करोड़ के अन्तर्गत पूर्व के दो एकरारनामा के अलावे इस कार्य की निविदा निष्पादनोपरान्त एक और एकरारनामा किया जायेगा के संदर्भ में सूचना प्रशासी विभाग को भेजी जाये।

15. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 18.4.18<br>(रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 18.4.18<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 18.4.18<br>(राम सागर प्रसाद)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 18/4/2018<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | 18/4/18<br>(लक्ष्मी नारायण दास)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 18/4/18<br>(साकेत कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |